**आकाशवाणी शिमला**
**17.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के देशों से एकजुट होने और एक दूसरे की ताकत बनने का किया आहवान।**
- **मुख्यमंत्री ने हमीरपुर ज़िले में एक सौ 84 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।**
- **कोलकाता प्रकरण को लेकर आज प्रदेशभर में डॉक्टरों की हड़ताल– सरकार से की सेंट्रल प्रोटैक्शन एक्ट बनाने की मांग।**
- **विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर वन माफिया को संरक्षण देने का लगाया आरोप।**

## ग्लोबल साउथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के देशों से एकजुट होने और एक दूसरे की ताकत बनने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने आज तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ वर्चुअल सम्मेलन में अपने वक्तव्य में अनिश्चित्ता और चुनौतीपूर्ण मौजूदा वैश्विक माहौल पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुनिया अभी कोविड के प्रभाव से पूरी तरह नहीं उभरी है और विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे टकरावों ने ग्लोबल साउथ देशों की विकास यात्रा के लिए बडी चुनौती पैदा कर दी है। नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा कि ये देश जलवायु परिवर्तन के साथ–साथ स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद समाज के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर ज़िले में एक सौ 84 करोड़ रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं के उदघाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने नादौन क्षेत्र के खरीड़ी में 65 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक बहुउद्देशीय खेल परिसर की आधारशिला रखी। इस परिसर में 8 लेन वाला स्वीमिंग पूल, एक शूटिंग रेंज, कुश्ती, मुक्केबाजी, कबड्डी, योग, टेबल टैनिस और बैडमिंटन जैसे खेलों की सुविधा होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने धनपुर और हमीरपुर में साढ़े 4 करोड़ रूपये की लागत से दो नए किसान प्रशिक्षण केन्द्रों की आधारशिला भी रखी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बड़ा में एक करोड़ 31 लाख रूपये से बने उत्कृष्टता केन्द्र का शुभारंभ किया और लगभग एक सौ 6 करोड़ रूपये से बनने वाली विभिन्न सड़कों का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने के प्रयास कर रही है और प्राकृतिक खेती से उत्पन्न गेहूं को 40 रूपये व मक्की को 30 रूपये प्रति किलो की दर से खरीदा जाएगा। इसके अलावा भैंस का दूध 55 रूपये जबकि गाय का दूध 45 रूपये प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि कांगड़ा ज़िले के ढगवार में 2 सौ 50 करोड़ की लागत से आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री–2

बाद में मुख्यमंत्री ने बागवानी व वानिकी महाविद्यालय नेरी में लगभग साढ़े 3 करोड़ रूपये से बने स्नातकोत्तर खंड का उद्घाटन किया और कॉलेज में 3 करोड़ 62 लाख रूपये से बनने वाले कन्या छात्रावास की आधाशिला रखी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कॉलेज में बॉयज होस्टल के निर्माण के लिए दो करोड़ रूपये देने का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि हमीरपुर ज़िले व इसके साथ लगते क्षेत्रों में किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त सब्जियों की पौध मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगतिशील किसानों के लिए एक हज़ार 4 सौ हैक्टेयर कृषि क्षेत्र में लगभग साढ़े 3 लाख पौधों का सालाना उत्पादन किया जाएगा। आयुष व खेल मंत्री यादवेन्द्र गोमा भी इस मौके पर मौजूद रहे।

**आई.एम.ए.–हडताल**

कोलकाता में आर.जी. कर राजकीय अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में इंडियन मैडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर आज देशभर में डॉक्टर हड़ताल पर रहे। एसोसिएशन ने पीड़ित महिला डॉक्टर के लिए न्याय और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय सुरक्षा कानून की मांग की है। संगठन की अपील पर इस हड़ताल में निजी क्षेत्र के स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल रहे। आई.एम.ए. ने कोलकाता के अस्पताल में हुई तोड़–फोड़ की भी निंदा की है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि डॉक्टरों के साथ हिंसा मामले में, छह घण्टे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराई जानी चाहिए और इसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रमुख की होगी।

**शिमला हड़ताल**

शिमला सहित प्रदेशभर में भी आज डॉक्टर हड़ताल पर रहे। आईजीएमसी शिमला में रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्य द्वार के बाहर प्रदर्शन किया और चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेंट्रल प्रोटैक्शन एक्ट बनाने की मांग की। डॉक्टरों की हड़ताल के कारण आज ओपीडी में डॉक्टर नहीं मिले, जिससे मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हालांकि आपातकालीन सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों ने कहा कि कोलकाता में हुई घटना के दोषियों को जल्द सजा मिलनी चाहिए। प्रदेश के अन्य ज़िलों में भी सरकारी व निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प रहीं।

इस बीच प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ के महासचिव विकास ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए हैल्थ प्रोटैक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी डॉक्टरों के साथ कई बार दुर्व्यवहार हो चुका है। विकास ठाकुर ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने से डॉक्टरों विशेषकर महिला डॉक्टरों में खौफ का माहौल बन गया है।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज कांगड़ा ज़िले के फतेहपुर क्षेत्र में 4 करोड़ 26 लाख रूपये की विकास परियोजनाओं के उद्‌घाटन किए। इनमें एक करोड़ 66 लाख रूपये से बनी उठाऊ पेयजल योजना रैहन देहरी के संवर्धन कार्य का उद्‌घाटन भी शामिल है। अग्निहोत्री ने बताया कि कांगड़ा ज़िले में फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना का कार्य तेज़ी से चल रहा है और राज्य सरकार द्वारा इस पर अभी तक 3 सौ करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने शाहनहर सिंचाई परियोजना के क्षतिग्रस्त हिस्से का भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने पश्चिम बंगाल सरकार और अस्पताल प्रशासन पर कोलकाता में हुई शर्मनाक घटना पर पर्दा डालने और आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता से पूरा देश हिल गया है लेकिन ममता सरकार इस मामले पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षत–विक्षत शव को आत्महत्या नहीं कहा जा सकता और सरकार व अस्पताल प्रशासन का रवैया सवालों के घेरे में आ गया है। जयराम ठाकुर ने अपराधियों को जल्द पकड़ने और उन्हें कड़ी सजा देने की मांग की है। विपक्ष के नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए नर्क बन चुका है लेकिन राहुल गांधी सहित इंडी गठबंधन के अन्य नेता इस बारे में मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी से कोई सवाल नहीं पूछते।

**जयराम–2**

इस बीच जयराम ठाकुर ने बंजार क्षेत्र में सैंकड़ों की संख्या में हरे पेड़ काटने के मामले में राज्य सरकार की निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में वन माफिया सक्रिय है लेकिन राज्य सरकार कुछ नहीं कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि वन माफिया को सरकार में बैठे लोगों का संरक्षण है और स्थानीय विधायक सुरेन्द्र शौरी द्वारा बार–बार आवाज उठाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज सोलन ज़िले के मानव मंदिर कोठों में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी केन्द्र का दौरा कर इस बीमारी से पीड़ित लोगों से संवाद किया। उन्होंने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित लोगों के लिए केंद्र में किए जा रहे मानवीय कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि इस केन्द्र में देश–दुनिया से मरीज अपना उपचार करवाने आते हैं और मानवता की सेवा में ये केन्द्र बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने केन्द्र के विभिन्न अनुभागों का दौरा किया और रोगियों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया।

**तकलेच हादसा**

राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष व रामपुर के विधायक नंदलाल ने आज तकलेच पंचायत के डमरोली का दौरा कर बीती रात बादल फटने की घटना से हुए नुकसान का जायजा लिया। बादल फटने की घटना में सड़कों के अलावा पानी व बिजली की योजनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा अनेक सेब बागीचे भी तबाह हो गए हैं। नंदलाल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़क को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी भी इस मौके मौजूद रहे।

इस बीच उपायुक्त ने रामपुर क्षेत्र के समेज गांव में बाढ़ प्रभावितों के साथ भी एक बैठक की। उन्होंने कहा कि समेज गांव में 31 जुलाई की रात को बादल फटने की घटना में बहे लोगों की तलाश में बचाव दलों का तलाशी अभियान जारी रहेगा। उधर किन्नौर ज़िले में राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर निगुलसरी के पास अवरूद्ध सड़क को आज यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। उपायुक्त अमित कुमार ने आज दोपहर घटनास्थल पर जाकर सड़क बहाली कार्यों का जायजा लिया।

**चंद्र कुमार**

पशु पालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज कांगड़ा ज़िले में ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के जरोट में 29 लाख रूपये से बनने वाले पशु औषधालय का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की सुविधा और जरूरत के अनुसार प्रदेशभर में पशु औषधालय खोल रही है ताकि पशु पालक घर–द्वार पर अपने पशु धन का उपचार करवा सके। चंद्र कुमार ने कहा कि किसानों व पशुपालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए सरकार कई नई योजनाएं ला रही है। उन्होंने बताया कि जरोट में 25 लाख रूपये की लागत से बहुउद्देशीय भवन बनाया जाएगा।

**कुलदीप राठौर**

कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर ने प्रदेश में बागवानी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सेब उत्पादन के जनक सत्यानंद स्टोक्स को भारत रत्न से सम्मानित करने की केन्द्र सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि सत्यानंद स्टोक्स ने कड़ी मेहनत से हिमाचल में सेब उत्पादन की शुरूआत की और हिमाचल का सेब गुणवत्ता के लिए विशेष पहचान रखता है। कुलदीप राठौर ने कहा कि यदि सत्यानंद स्टोक्स को भारत रत्न से सम्मानित किया जाता है तो ये प्रदेश में सेब उत्पादन से जुड़े लाखों बागवानों का सम्मान होगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के देशों से एकजुट होने और एक दूसरे की ताकत बनने का किया आहवान।
- मुख्यमंत्री ने हमीरपुर ज़िले में एक सौ 84 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के किए उद्‌घाटन व शिलान्यास।
- कोलकाता प्रकरण को लेकर आज प्रदेशभर में डॉक्टरों की हड़ताल– सरकार से की सेंट्रल प्रोटैक्शन एक्ट बनाने की मांग।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर वन माफिया को संरक्षण देने का लगाया आरोप।

————————————————